गांधी जयंती पर ट्रेजर हंट प्रतियोगिता के साथ टेलेंट हंट समापन

उदयपुर @ अगम्य मीडिया। ऐश्वर्या कॉलेज में तीन दिवसीय टेलेंट हंट कार्यक्रम का समापन ट्रेजर हंट प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हुआ। डॉ.ऋतु पालीवाल, प्राचार्या ऐश्वर्या पीजी कॉलेज, ने बताया कि ट्रेजर हंट प्रतियोगिता जगदीश मंदिर से आरम्भ होकर गुलाब बाग स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में आठ टीमों में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में टीम वर्क, नेतृत्व और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना था। गांधी जयंती के अवसर पर छात्रों द्वारा गुलाब बाग स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र लविश सोलंकी ने बापू के विचारों और उनके स्वतंत्रता संग्राम योगदान पर प्रकाश डाला और सत्य और अहिंसा के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए जीवन में सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

गांधी जयंती पर ट्रेजर हंट प्रतियोगिता के साथ टेलेंट हंट समापन

उदयपुर @ आत्मा की ज्वाला। ऐश्वर्या कॉलेज में तीन दिवसीय टेलेंट हंट कार्यक्रम का समापन ट्रेजर हंट प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हुआ। डॉ.ऋतु पालीवाल, प्राचार्या ऐश्वर्या पीजी कॉलेज, ने बताया कि ट्रेजर हंट प्रतियोगिता जगदीश मंदिर से आरम्भ होकर गुलाब बाग स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में आठ टीमों में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में टीम वर्क, नेतृत्व और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना था। गांधी जयंती के अवसर पर छात्रों द्वारा गुलाब बाग स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र लविश सोलंकी ने बापू के विचारों और उनके स्वतंत्रता संग्राम योगदान पर प्रकाश डाला और सत्य और अहिंसा के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए जीवन में सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।